लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082
अमृत विचार
वर्ष 6, अंक 142, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार, 13 अप्रैल 2025
PAGE NO, 05 BOTTOM

# रोगों से बचाव को अपनाएं सक्रिय और नियमित जीवन शैली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में वुमन फिजिशियंस ऑफ इंडिया की कॉन्फ्रेंस शुरू
- विशेषज्ञों ने महिलाओं की बीमारियों, उनके इलाज और शोध कार्यों पर व्याख्यान दिया

**अमृत विचार:** वुमन फिजिशियंस ऑफ इंडिया की पहली कॉन्फ्रेंस एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शनिवार को शुरू हुई। पहले दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं की बीमारियों, उनके इलाज और शोध कार्यों पर व्याख्यान दिया। रोगों से बचने के लिए सक्रिय और नियमित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया।

डॉ. प्रेरणा कपूर (लखनऊ), मंजू पांडेय (मथुरा), डॉ.मनीषा गुप्ता (मोहाली), डॉ. हिना सिंह (मेरठ) और डॉ. गुंजन मित्तल (नोएडा) ने मेटाबॉलिक डिस आर्डर पर सवालों के जवाब दिए। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहा कि मेटाबोलिक डिस आर्डर ऐसी स्थिति है, जिसमें मोटापा, डिस्लिपिडेमिया, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज शामिल है। यह डिस आर्डर पुरुषों और महिलाओं दोनों में सामान्य है। इससे पोस्टमेनोपॉजल महिलाएं अधिक प्रभावित होती हैं।



कॉन्फ्रेंस में डेमो से जांच के संबंध में जानकारी देतीं विशेषज्ञ।

मेटाबॉलिक डिस आर्डर से पीड़ित व्यक्तियों में दिल का दौरा, स्ट्रोक और कार्डियक फेल्योर होने की आशंका अधिक होती है। गर्भवतियां यदि मेटाबॉलिक डिस आर्डर से प्रभावित हों तो यह बड़े आकार के शिशु, समय से पहले प्रसव और प्रीएक्लेम्पसिया जैसी जटिलताएं सामने आ सकती हैं।

जम्मू से आईं डॉ . अनुपमा ने बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के दिमाग में खून का थक्का जमने की दिक्कत पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। मुंबई से आईं डॉ. अनामिका सावंत ने टेक्नोलॉजी इन मेडिसिन विषय पर वर्कशाप में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी पर व्याख्यान दिया। डॉ.हिमाली झा ने आधुनिक तकनीकी और नई डिवाइस की जानकारी दी। मुंबई से आईं डा.अश्वनी पाटिल ने चिकित्सकों के लिए उपयोगी विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन के बारे में बताया। डॉ .स्नेहलता वर्मा ने स्वस्थ रहने में एआई की अहमियत पर व्याख्यान दिया। बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर की डॉ.माधवी सरकार ने वर्कशाप में आईसीयू में 2 डी-इकोकार्डियोग्राफी, लखनऊ की डॉ.आनंदिता सेठ और डॉ.योगेश चेट्टी ने आईसीयू में पीओसीयूएस की उपयोग पर जानकारी दी।

डॉ. दीपक दास ने कंटीन्यूअस ग्लूकोज और एंबुलटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग पर जानकारी दी। नवी मुंबई की ऋतु दास चौधरी ने वित्तीय प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। डॉ. निर्मल यादव, डॉ. पद्मश्री गुलाटी, डॉ. आभा गुप्ता, डॉ. जेबा सिद्दीकी, डॉ.सीमा सेठ, डा.अस्मिता देशमुख, डॉ.अर्चना पाटे, डॉ.एस लक्ष्मी बल, डॉ. अनामिका सामंत, डॉ.मीनाक्षी अवस्थी, डॉ.निधि मिश्रा,डॉ. शक्ति कंसल , डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ.स्मिता गुप्ता मौजूद रहीं।